प्राचार्य का कार्यालय, दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय, लहेरियासराय।

ज्ञापांक– /लहेरियासराय,दिनांक–

वित्तीय वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत निविदा का नियम एवं शर्त्तें

दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय, लहेरियासराय के लिये वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु विभिन्न विभागों के लिए मशीन उपकरण, विविध सामाग्री, लेखन सामाग्री, विधुत सामाग्री, खेल सामाग्री, जिम्नाजियम सामग्री, वर्दी, उन्नयन कार्य, लकड़ी एवं स्टील उपस्कर, दवा एवं रसायन, ग्लासवेयर, कीट एवं रीएजेन्ट, म्युजियम हेतु मॉडल, चाट, स्पेसीमेन, कैटलग, लकड़ी एवं स्टील उपस्कर की मरम्मती एवं रंगाई, मशीनों की मरम्मती, वाईडिंग एवं प्रीटिंग, मशीन उपकरणों का ए0एम0सी0/सी0एम0सी0 (वार्षिक रख–रखाव) आदि के क्रय/कार्य के लिये मुहर बंद लिफाफे में बिहार वाणिज्यकर में निबंधित सरकारी/गैर सरकारी निर्माता फर्म या प्राधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यरत दिन मे निविदा प्रकाशन के पश्चात सर्म्पक स्थापित कर सकते हैं। प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर निविदा/सामानों कार्यों की सूची, शर्त्ते एवं नियम तथा अग्रधन राशि की विवरण महाविद्यालय के website www. dmc.edu.in पर देखा जा सकता है, तथा उसे डाउनलोड कर निविदा समर्पित कर सकते है। साथ ही किसी भी कार्य दिवस के दिन निविदा प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों तक कार्यालय से निविदा/सामानों/कार्यो की सूची, शर्त्ते एवं नियम आदि आवेदन देकर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। प्रथम निविदा प्रकाशन की तिथि से 21 वें दिन के अपराह्न 5:00 बजे तक निविदा स्वीकार्य किया जायेगा। यदि 21 वें दिन किसी प्रकार की छुट्टी रहती है, या अपरिहार्य कारण से प्राचार्य कार्यालय बंद रहता तो उसके अगले दिन डाक विभाग से 21 वें दिन को प्राप्त निविदा को ली जायेगी। उपर्युक्त दिए गए अवधि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के उपरांत तीन दिनों के अन्दर क्रय समिति के समक्ष निविदा कार्यालय अवधि में अपराहन में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते है। इसके लिए अलग से सूचना नहीं दी जायेगी। बैठक मे भाग नहीं लेनेवाले द्वारा किसी प्रकार की दावा मान्य नहीं होगा। बैठक की तिथि कार्यालय के सूचना पट अथवा कॉलेज के वेवसाईट पर पर देखा जा सकता है। निविदा प्रथम प्रकाशन की तिथि से ही मान्य होगा।

प्राचार्य
दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय
लहेरियासराय।

ज्ञापांक– 1123 लहेरियासराय,दिनांक– 02.03.24

प्रतिलिपिः– आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा/जिलापदाधिकारी, दरभंगा/महाप्रबंधक, जिला उध्योग ईकाई, दरभंगा/जिला जनसर्म्पक पदाधिकारी, दरभंगा/अधीक्षक, दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, दरभंगा को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– कार्यालय के लेखाशाखा, दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– बेवसाईट www. dmc.edu.in पर डालने हेतु।

एक प्रति कार्यालय के सूचना पट हेतु।

प्राचार्य
दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय
लहेरियासराय।
02.03.24